# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 02.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के एक लेख के बारे में उल्लेख किया है। अपने एक्स हैंडल पर प्रधानमंत्री ने लिखा है कि केंद्रीय मंत्री ने महिलाओं और बच्चों के कल्याण में तकनीक के माध्यम से हुए बदलावों पर लेख साझा किया है है जिसमें उन्होंने बताया कि पोषण ट्रैकर, शिकायत निवारण तंत्र और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर जैसी योजनाएं देशभर में तेजी से सकारात्मक प्रभाव ला रही हैं।

**********************

भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने अपनी परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार दर्ज करना जारी रखा है। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को मजबूत पूंजी भंडार, कई दशकों से फंसे हुए ऋणों के कम होने और मजबूत आय से समर्थन मिला है।

**********************

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी कल झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। इस दौरान वे रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर जनता को समर्पित करेंगे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस कोरिडोर को लेकर जनता में गजब का उत्साह है।

**********************

राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान, एनआईपीसीसीडी का आधिकारिक तौर पर नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान कर दिया गया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि एनआईपीसीसीडी का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान करना भारत के अग्रणी समाज सुधारकों में से एक की विरासत को श्रद्धांजलि है और महिला एवं बाल–केंद्रित विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। उन्होंने यह भी बताया कि रांची में चार जुलाई को एक नये क्षेत्रीय केन्द्र का उदघाटन किया जायेगा।

**********************

हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र में देर रात टीपीसी उग्रवादी संगठन के जोनल कमांडर अनीश अंसारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना केरेडारी–बुंडू रोड पर गेरुआ नदी के पास हुई।

**********************

कोयला मंत्रालय खदान बंद होने और पुनः उपयोग के लिए सामुदायिक सहभागिता और विकास व्यवस्था – रिक्लेम की कल शुरूआत करेगा। मंत्रालय ने कहा कि यह व्यवस्था, खदान बंद होने और बंद होने के बाद के चरणों में समावेशी सामुदायिक सहभागिता और विकास के लिए एक संरचित मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करती है।

**********************

रेलवे सुरक्षा बल – आरपीएफ ने रांची रेलवे स्टेशन पर विस्फोटक पदार्थों की जांच के लिए विशेष सघन अभियान चलाया। इस अभियान के तहत यात्रियों के सामान, कूड़ेदान, पार्किंग क्षेत्र और

ट्रेनों की विधिवत जांच की गई। आरपीएफ ने बताया कि जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

***************************

दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम श्रावणी मेला महोत्सव की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं

***************************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्यभर में अगले पांच दिनों तक बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग ने आज पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला समेत आठ जिलों में भारी बारिश का औरेंज अलर्ट जारी किया है।

***************************

क्रिकेट में, भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी श्रृंखला का दूसरा टेस्ट आज बर्मिंघम के एजबेस्टन में शुरू होगा। मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर साढे तीन बजे से शुरू होगा।

**********समाप्त**********